# राजकीय महाविद्यालय सराहाँ

## जिला सिरमौर (हि.प्र.)

# वार्षिक प्रतिवेदन

## 2025-26

## आठवाँ वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

## 14 मार्च, 2026

### मुख्य अतिथि

### डॉ. वीना राठौर

सेवानिवृत्त प्राचार्य, डॉ. यशवंत सिंह परमार राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय

नाहन, जिला सिरमौर (हि.प्र.)

### प्रस्तुति


### डॉ. गुलशन कुमार धीमान

प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय सराहाँ जिला सिरमौर (हि.प्र.)

## माननीय मुख्य अतिथि स्वागत एवं संक्षिप्त परिचय

राजकीय महाविद्यालय सराहाँ के लिए अत्यंत गौरव का विषय है कि आज हमारे महाविद्यालय के आठवें वार्षिकोत्सव में प्रसिद्ध शिक्षाविद् डॉ. वीना राठौर, सेवानिवृत्त प्राचार्य, डॉ. यशवंत सिंह परमार राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नाहन ने मुख्य अतिथि का निमंत्रण सहजता से स्वीकार कर हमें अनुगृहित किया है। मैं वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह के इस पुनीत व पावन अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. वीना राठौर का हार्दिक अभिनंदन, स्वागत करता हूँ। आपने अपनी व्यस्तताओं के बावजूद हमारा आग्रह स्वीकार करते हुए इस बात की पुष्टि की है कि हमारे इस महाविद्यालय के प्रति आपका विशेष लगाव है। आपका सानिध्य पाकर हमारा महाविद्यालय परिवार हर्षित और पुलकित महसूस कर रहा है। आपकी गौरवमयी उपस्थिति हमारे महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी है।

आपका जन्म 29 अगस्त, 1965 को जिला मंडी में हुआ। आपका जीवन समाजसेवा, समर्पण, संघर्ष व सफलता की अनूठी मिसाल है। आपके पास एक समृद्ध शैक्षणिक पृष्ठभूमि है। आप स्कूली जीवन से ही एक उत्कृष्ट विद्यार्थी रही हैं और आपने हमेशा ही मेरिट में स्थान हासिल किया है। आपने उच्चतर माध्यमिक शिक्षा, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नाहन से जीव विज्ञान में उत्तीर्ण की। तदोपरांत अपने शैक्षणिक यात्रा में विशिष्ट आयाम स्थापित करने के सपने संजोए हुए 1984 में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नाहन से विज्ञान स्नातक की उपाधि अर्जित कर विज्ञान स्नातक छात्राओं के समूह में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। आपने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला से 1986 में वनस्पति विज्ञान में M.SC. की उपाधि प्राप्त की तथा 1988 में M.Phil में पहला स्थान प्राप्त करके स्वर्ण पदक हासिल किया। 1986 में वनस्पति विज्ञान विषय में राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (NET) उत्तीर्ण कर यूजीसी की जूनियर रिसर्च फेलोशिप (JRF) के लिए पात्रता प्राप्त की। 1993 में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला से विज्ञान संकाय (वनस्पति विज्ञान) में Ph.D. की उपाधि हासिल की। नवम्बर 1989 से मार्च 2016 तक प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों में असिस्टेंट / एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर आपने लंबी सेवाएँ दी। आपके मार्गदर्शन में शिक्षा ग्रहण करने वाले अनेकों विद्यार्थी विभिन्न सरकारी और अर्द्ध सरकारी क्षेत्र में उच्च पदों पर आसीन हैं। आपने वर्ष 2016 में पदोन्नति हासिल कर राजकीय महाविद्यालय सँगडाह के प्राचार्य पद को सुशोभित किया। आपने अपनी कुशल एवं अनूठी प्रशासनिक क्षमता, अनुशासनप्रियता, कर्त्तव्यपरायणता, सत्यनिष्ठता तथा निर्भीक प्रशासन कौशल का परिचय देते हुए राजकीय महाविद्यालय नाहन तथा पांवटा साहिब को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा कर उत्कृष्ट पहचान दिलाई। 31 अगस्त 2023 को आप राजकीय महाविद्यालय नाहन से शिक्षा विभाग में लंबी सेवाएं देने के पश्चात प्राचार्य के पद से सेवानिवृत हुए। आपने सेवाकाल के दौरान विभिन्न जिम्मेदारियाँ बखूबी निभाई और कई उपलब्धियाँ भी हासिल की।

आपने HPU शिमला और SPU मण्डी के खेल और सांस्कृतिक परिषद् के अध्यक्ष के रूप में काम किया। 2006 से 2009 तक IGNOU में समन्वयक के रूप में कार्य किया। आप 2015 से 2016 तक HPU शिमला के जीव विज्ञान विभाग में अध्ययन बोर्ड के सदस्य रहे। नई शिक्षा नीति 2020 के कार्यान्वयन हेतु गठित समिति के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया। भारत स्काउट्स एंड गाइड्स, हि० प्र० के कार्यकारी सदस्य रहे। FRI देहरादून,

CCS कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर और HPU शिमला में स्नातक और पीएचडी थीसिस के लिए परीक्षक/लिए परीक्षक/मूल्यांकनकर्ता और पेपर सेटर के रूप में पैनलिस्ट के तौर पर कार्य किया। आपने अपने कर्तव्यों का सौम्यता और शालीनता से निर्वहन करते हुए सामाजिक कार्यों में हमेशा तत्परता दिखाकर एक अनूठी पहचान स्थापित कर समाज को सही दिशा में संचालित करने में अपना उत्कृष्ट तथा अविस्मरणीय योगदान दिया।वर्तमान समय में आप जिला मंडी के धरमपुर ब्लॉक में नशामुक्ति के मुख्य सलाहकार के रूप में आप महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। आप राजकीय महाविद्यालय सराहाँ के मेधावी एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्नातक के बाद उच्च शिक्षा में अध्ययन जारी रखने के लिए "डॉ. वीना राठौर शैक्षिक छात्रवृत्ति" 2023 से हर वर्ष निरंतर प्रदान कर रहे हैं।आपकी शोध में विशेष रुचि है। आपके विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में शोध पत्र प्रकाशित हुए हैं। आपने विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सेमिनारों में सहभागिता कर अनेकों शोध पत्र प्रस्तुत किए। वर्ष 2019 में शिक्षा के क्षेत्र में हिमोत्कर्ष संस्था द्वारा 'सिरमौर श्री' पुरस्कार से सम्मानित किया। यंगवार्ता न्यूज़ ग्रुप द्वारा लगातार वर्ष 2020 और 2021 के लिए "राष्ट्र निर्माण सम्मान" और अमर उजाला ग्रुप द्वारा 2020 में "वुमन अचीवर अवार्ड" से सम्मानित किया गया। शैक्षणिक क्षेत्र में यह लंबी यात्रा आपके समर्पण, परिश्रम, शिक्षा और सेवा के प्रति आपकी अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

हमें बेहद प्रसन्नता है कि हमारे निमंत्रण पर सराहाँ के गणमान्य नागरिक महाविद्यालय के विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करने के लिए अपना कीमती समय निकालकर हमारे मध्य उपस्थित हैं। मैं इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का भी स्वागत करता हूँ।

मुख्य अतिथि महोदया, अब मैं आपकी अनुमति से सत्र 2025-26 के अंतर्गत महाविद्यालय में सम्पन्न विभिन्न गतिविधियों का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत कर रहा हूँ।

## महाविद्यालय परिचय

पच्छाद क्षेत्र के युवा- वर्ग को उच्चतर शिक्षा प्राप्त करने और उन्हें अपनी अभिरूचियों व सांस्कृतिक प्रतिभा को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से राजकीय महाविद्यालय सराहाँ का शुभारंभ 12 जून, 2014 को हुआ। यह महाविद्यालय हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से संबद्ध है और भारत सरकार विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से मान्यता प्राप्त है। महाविद्यालय में कला और वाणिज्य संकाय में छात्र-छात्राएँ शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इस महाविद्यालय के विद्यार्थी परिश्रमी, अनुशासनप्रिय और सरल है। महाविद्यालय का शिक्षक एवं गैर शिक्षक वर्ग निष्ठावान एवं परिश्रमी हैं जो विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव तत्पर रहते हैं।

## हमारी दृष्टि

हमारी दृष्टि जीवन की गुणवत्ता में सुधार के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन में योगदान देने वाले मानवीय चेहरे के साथ अकादमिक उत्कृष्टता के लिए समर्पित प्रतिष्ठा का एक शैक्षणिक संस्थान बनाना हैं।

## हमारा लक्ष्य

हमारा लक्ष्य मानवता के साथ अकादमिक शिक्षा के माध्यम से दक्षताओं से संपन्न शिक्षार्थियों को विकसित करना है। हम अपने विद्यार्थियों को इस तरह से तैयार करने का प्रयास करते हैं कि जुनून और परिपक्वता के साथ ही निकट भविष्य में पेश आने वाली सामाजिक चुनौतियों के प्रति भी आत्म विश्वास के साथ संबद्ध रहे। हमारे विद्यार्थी समाज के विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व की भूमिका निभाने में भी सक्षम रहे।

## विद्यार्थियों की संख्या

वर्तमान सत्र में महाविद्यालय में कुल 217 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इसमें 51 छात्र तथा 166 छात्राएँ है। कला संकाय में 200 विद्यार्थी तथा शेष विद्यार्थी वाणिज्य संकाय में अध्ययनरत है। शिक्षा के साथ-साथ खेल, स्वास्थ्य तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों आदि शिक्षेत्तर गतिविधियों को भी यथा-संभव महाविद्यालय में महत्व दिया जा रहा है।

## परीक्षा परिणाम

महाविद्यालय के वार्षिक परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय से बेहतर आए हैं जो इस प्रकार है-

| कक्षा | उत्तीर्ण % |
|---|---|
| बी. ए. तृतीय वर्ष | 98% |
| बी.ए. द्वितीय वर्ष | 76% |
| बी. ए. प्रथम वर्ष | 67% |
| बी.कॉम. तृतीय वर्ष | 100% |
| बी.कॉम. द्वितीय वर्ष | 100% |
| बी.कॉम. प्रथम वर्ष | 100% |

## शिक्षक-गैर शिक्षक / कर्मचारी वर्ग

महाविद्यालय में इस समय 8 शिक्षक तथा 7 गैर शिक्षक/कर्मचारी कार्यरत हैं। समाजशास्त्र और पुस्तकालयध्यक्ष के एक-एक पद तथा लिपिक के 2 पद रिक्त हैं। इस वर्ष जो शिक्षक, गैर शिक्षक कर्मचारी महाविद्यालय से स्थानांतरित हुए और उनके स्थान पर जो हमारे महाविद्यालय परिवार में सम्मिलित हुए, उनका विवरण इस प्रकार है:-

## आगमन

श्री आशीष गौतम ने कार्यालय अधीक्षक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है, श्री शांति स्वरूप और श्रीमती राजकुमारी चतुर्थ कर्मचारी स्थानांतरित होकर महाविद्यालय में आए हैं।

## प्रस्थान

डॉ. सुध्यान नेगी समाजशास्त्र के प्रध्यापक तथा कार्यालय अधीक्षक श्री शंभूनाथ का महाविद्यालय से स्थानांतरण हुआ।

## सेवानिवृत

इस वर्ष महाविद्यालय के चतुर्थ कर्मचारी श्री बलवीर सिंह और श्री रत्न लाल अपना कार्यकाल पूरा करके सेवानिवृत्त हुए।

## अभिभावक-प्राध्यापक संघ (PTA)

महाविद्यालय में अभिभावकों, छात्रों एवं महाविद्यालय प्रशासन के मध्य समुचित समन्वय स्थापित करने एवं महाविद्यालय के विकासात्मक कार्यों में महती भूमिका का निर्वहन करने के लिए विगत कई वर्षों से यह संघ कार्यरत है। सत्र 2025-26 के लिए सर्वसम्मति से निम्न पदाधिकारियों का चयन अभिभावक - प्राध्यापक संघ के लिए हुआ है।

| | |
|---|---|
| अध्यक्ष | श्री सुरेश शर्मा |
| उपाध्यक्ष | श्री विकास शर्मा |
| सचिव | प्रो० कृष्ण दत्त |
| सह-सचिव | श्री कौशल सिंह |
| मुख्य सलाहाकार | श्रीमती सीता देवी |
| कोषाध्यक्ष | श्री आशीष गौतम |

इस सत्र में इस संघ ने महाविद्यालय की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सर्वसम्मति से जो निर्णय लिए, उनका विवरण इस प्रकार से है:

- महाविद्यालय के लिए पब्लिक एड्रेस सिस्टम (PA) खरीदा गया।
- विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते स्पोर्टस का सामान खरीदा गया।
- शैक्षिक भ्रमण के दौरान भी विद्यार्थियों के लिए PTA की ओर से कुछ आंशिक सहयोग मिला।

## "अभिव्यंजना पत्रिका"

महाविद्यालय की शैक्षणिक-सांस्कृतिक गतिविधियों का दर्पण तथा विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा की कलात्मक अभिव्यक्ति का मंच है। महाविद्यालय की वार्षिक 'अभिव्यंजना पत्रिका' विभिन्न भाषाओं, अनुभागों एवं विद्यार्थियों की भाव - कल्पनाओं के इन्द्रधनुषी शब्द-रंगों से चित्रित, सुसज्जित एवं सुशोभित पत्रिका महाविद्यालय की अनुपम अस्मिता है। इस पत्रिका के मुख्य संपादक का कार्यभार डॉ. राजन कौशल के पास है।

## छात्रवृत्तियाँ (2025-26)

वर्तमान सत्र में योग्य विद्यार्थियों के लिए कई छात्रवृतियां उपलब्ध है। इसमें अनुसूचित जाति / जनजाति छात्रों के लिए छात्रवृत्ति, अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति, कल्पना चावला छात्रवृत्ति योजना तथा विभिन्न प्रकार की राज्य तथा केंद्र सरकार द्वारा दी जाने वाली छात्रवृत्तियों से महाविद्यालय के विद्यार्थी लाभान्वित हुए हैं। वर्तमान सत्र में महाविद्यालय के 41 विद्यार्थियों ने विभिन्न श्रेणियों की छात्रवृत्ति हेतु आवेदन किया है। इसमें लगभग 4 लाख रूपये निकट भविष्य में छात्रों को छात्रवृत्ति के रूप में प्राप्त होने की संभावना है। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय में निजी छात्रवृत्तियां भी प्रदान की जाती हैं जिनका विवरण इस प्रकार है:-

### •डॉ. वीना राठौर शैक्षिक छात्रवृत्ति

यह छात्रवृत्ति नाहन महाविद्यालय से सेवानिवृत्त पूर्व प्राचार्य डॉ. वीना राठौर द्वारा महाविद्यालय में स्नातक की शिक्षा पूर्ण करने के बाद उच्च शिक्षा में प्रवेश लेने वाले आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थी को अपना अध्ययन जारी रखने के लिए प्रदान की जाती है। इसमें 5100 ₹ की राशि विद्यार्थी को प्रदान की जाती है। छात्रवृत्ति के लिए विद्यार्थी का चयन मेरिट के आधार पर किया जाता है।

### • श्रीमती सुगना देवी मेमोरियल छात्रवृत्ति

यह छात्रवृत्ति महाविद्यालय के तीनों वर्ष के मेधावी विद्यार्थी को प्रदान की जाती है जिसमें अंतिम वर्ष के वार्षिक परीक्षा में एग्रीगेट प्रथम, द्वितीय और तृतीय वर्ष में हाईएस्ट एग्रीगेट टॉपर होगा उसे प्रथम पुरस्कार 2100 ₹ की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। तृतीय वर्ष के विद्यार्थी जो स्नातक प्रथम और द्वितीय वर्ष के वार्षिक परीक्षा का टॉपर होगा उसे द्वितीय पुरस्कार 1500 ₹ की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी जो प्रथम वर्ष में वार्षिक परीक्षा में प्रथम आने पर तृतीय पुरस्कार 1500 ₹ की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।

## पुस्तकालय

पुस्तकालय किसी भी शिक्षण संस्थान का सबसे महत्वपूर्ण ज्ञान का केन्द्र होता है। महाविद्यालय के पुस्तकालय में विभिन्न विषयों की लगभग 1001 पुस्तकें संग्रहित हैं। पुस्तकालय में सात दैनिक समाचार पत्र व सामान्य ज्ञान की किताबें भी विद्यार्थियों के ज्ञानार्जन तथा बौद्धिक विकास के लिए व्यवस्थित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त 7 मैगज़ीन तथा 5 कम्प्यूटर भी उपलब्ध है और इंटरनेट की सुविधा भी दी गई। वर्तमान में पुस्तकालयध्यक्ष के पद रिक्त होने के कारण यह दायित्व डॉ. रीमा शर्मा संगीत आचार्य द्वारा कुशलतापूर्वक निभाया जा रहा है।

## केन्द्रीय छात्र परिषद (CSCA)

केन्द्रीय छात्र परिषद का गठन प्रत्येक वर्ष हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा बनाए गए नियमों के आधार पर होता है। केन्द्रीय छात्र परिषद का चुनाव इस सत्र में शैक्षणिक योग्यता के आधार पर हुआ। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष,

सचिव, संयुक्त सचिव शैक्षणिक आधार पर मनोनीत किए गए :-

| | |
|---|---|
| अध्यक्ष | श्रुति शर्मा, बी. ए. तृतीय वर्ष |
| उपाध्यक्ष | शबनम ठाकुर, बी. कॉम तृतीय वर्ष |
| सचिव | मधुबाला, बी. ए. द्वितीय वर्ष |
| संयुक्त सचिव | पलक, बी. ए. प्रथम वर्ष |

## इको क्लब (ECO CLUB)

महाविद्यालय में इको क्लब का गठन भी किया गया है, जिसका कार्यभार सहायक आचार्य कृष्ण दत्त के निर्देशन में चल रहा है। इको क्लब समय-समय पर अनेक गतिविधियों का संचालन करता है। महाविद्यालय के विद्यार्थियों को स्वच्छता व साफ- सफाई तथा प्रकृति के संरक्षण के प्रति जागरूक करने का कार्य यह क्लब करता है।

## रेड रिबन क्लब (RED RIBBON CLUB)

महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब संबंधी गतिविधियाँ राज्य एड्स सोसाईटी के दिशा निर्देशन के अनुरूप की जाती है। विद्यार्थियों को एचआईवी एड्स नामक गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक करने के लिए वर्ष भर विभिन्न प्रतियोगिताओं तथा व्याख्यान का आयोजन किया जाता है। इस क्लब का संचालन नोडल अधिकारी डॉ. मोल्लम डोलमा द्वारा सफलतापूर्वक किया जा रहा है।

## नशा-विरोधी प्रकोष्ठ (ANTI-DRUG CELL)

समन्वयक प्रो. सुदेश कुमार के निर्देशन में सक्रिय इस प्रकोष्ठ द्वारा नशा - मुक्ति अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों को शपथ ग्रहण करवाई गई। एंटी ड्रग सेल द्वारा नशा निवारण जागरूकता अभियान के तहत पोस्टर मेकिंग व नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## सड़क सुरक्षा क्लब (ROAD SAFETY CLUB)

रोड़ सेफ्टी क्लब का प्रमुख उद्देश्य महाविद्यालय के विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा तथा नियमावली की जानकारी देते हुए दुर्घटनाओं से बचाना है। इस क्लब के समन्वयक प्रो. सुदेश कुमार की देख-रेख में रोड़ सेफ्टी क्लब के तहत विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएँ करवाई गई। यह क्लब समय-समय पर विद्यार्थियों को सड़क दुर्घटनाओं के बारे में जागरूक करता है।

## राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)

छात्रों के समग्र विकास की दृष्टि से उन्हें सामुदायिक व सामाजिक जीवन से जोड़ने के लिए महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई है। राष्ट्रीय सेवा योजना अपने सृजनात्मक व रचनात्मक सामाजिक कार्यों द्वारा समाज

और विद्यार्थियों में जिम्मेवारी की भावना को जागृत करने में सफल रही है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए यह इकाई वर्ष भर विभिन्न गतिविधियाँ करवाती है। "स्वयं से पहले आप" के ध्येय वाक्य पर कार्य करती है। महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना में 107 स्वयं सेवक पंजीकृत है। इस सत्र के दौरान इकाई ने सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया। इस शिविर के दौरान 53 स्वयं सेवकों ने भाग लिया जिसमें 46 छात्राएँ व 7 छात्र थे। प्रतिदिन अलग-अलग वक्ताओं ने स्वयं सेवकों को विभिन्न विषयों पर ज्ञानवर्धक जानकारी प्रदान की। NSS इकाई कार्यक्रम अधिकारी प्रो. दिनेश कुमार के दूरदर्शी व कुशल नेतृत्व में यह इकाई उत्कृष्ट कार्य कर रहा है।

## करियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सेल

महाविद्यालय में करियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सेल सक्रिय रूप से कार्यरत है। इसमें प्रो. जगमोहन सिंह समन्वयक के रूप में कार्यरत हैं। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके रोजगार एवं कौशल प्रशिक्षण संबंधी जानकारी उपलब्ध करवाना है जिसमें विद्यार्थियों को उनके भविष्य एवं रोजगार संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है। इसके अंतर्गत समय-समय पर महाविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए व्याख्यान का आयोजन किया जाता है और उन्हें कौशल प्रशिक्षण भी दिया जाता है। अगले सत्र में 7 दिन का महाविद्यालय में एंटरप्रेन्योरशिप कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा। महाविद्यालय में इन्क्यूबेशन सेंटर की स्थापना भी की जाएगी।

## महिला प्रकोष्ठ/आंतरिक समिति

महाविद्यालय में छात्राओं की सुरक्षा एवं विभिन्न समस्याओं के निवारण हेतु महिला प्रकोष्ठ एवं आंतरिक समिति का गठन किया गया है जो छात्राओं के अधिकारों एवं समस्याओं के प्रति अत्यंत संवेदनशील व क्रियाशील है। समय-समय पर इस समिति द्वारा छात्राओं को उनके अधिकारों एवं विभिन्न समस्याओं के प्रति जागरूकता के लिए अभियान चलाया जाता है। इसके अतिरिक्त छात्राओं के लिए हैल्थ एंड हाइजीन विषय पर कार्यशाला का आयोजन भी किया जाता है। डॉ. मोल्लम डोलमा के कुशल निर्देशन में यह समिति कार्य कर रही है।

## आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC)

किसी भी संस्थान में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक निकाय है, जो महाविद्यालय के सभी गुणवत्ता मामलों के लिए उत्तरदायी है। महाविद्यालय में दी जाने जाने वाली शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए आवश्यक योजना बनाना और पर्यवेक्षण करना आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ का महत्वपूर्ण कार्य है। वर्तमान में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ प्रो. जगमोहन सिंह के कुशल नेतृत्व में कार्य कर रहा है।

## पूर्व विद्यार्थी संगठन (OSA)

किसी भी संस्था के लिए पूर्व विद्यार्थी बहुत बड़ी निधि होते हैं। महाविद्यालय अपने पूर्व विद्यार्थियों से बहुत लाभ उठा सकता है, जिसमें वित्तीय सहायता, नवाचारी विचार, सेवा, सलाह, सहयोग के माध्यम से महाविद्यालय की गुणात्मक अभिवृद्धि करने में अपनी सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं। पूर्व विद्यार्थियों के महत्व को देखते हुए

राजकीय महाविद्यालय में भी पूर्व विद्यार्थी परिषद का गठन हुआ है। यह संगठन समय-समय पर अपना बहुमूल्य सुझाव देते हैं।

## रोवर्स एवं रेंजर्स

महाविद्यालय में रोवर्स एवं रैंजर्स का कार्यभार आचार्य कृष्ण दत्त एवं सहायक आचार्य डॉ. रीमा शर्मा के कुशल निर्देशन में चल रहा है। इसमें कुल 19 रोवर्स एवं रेंजर्स हैं, जिसमें 7 रोवर्स एवं 12 रेंजर्स हैं।

## राष्ट्रीय कैडेट कोर (NCC)

महाविद्यालय में राष्ट्रीय कैडेट कोर (NCC) की स्थापना इसी वर्ष से हुई है। यह एक बड़ा ही महत्वपूर्ण संगठन है। इसका मुख्य कार्य महाविद्यालय में विद्यार्थियों को सैनिक प्रशिक्षण देना है। इसका उद्देश्य देश की युवा पीढ़ी में देश के प्रति राष्ट्रप्रेम की भावनाओं को उत्पन्न करना है और देश के लिए युवाओं को सैनिक प्रशिक्षण देना है। NCC छात्रों को अध्ययन और अनुशासन सिखाता है। इस सत्र में NCC में B.A./B.Com प्रथम वर्ष के 35 कैडेट पंजीकृत है। NCC इंचार्ज सहायक आचार्य प्रियंका सराओ के कुशल नेतृत्व में राष्ट्रीय कैडेट कोर उत्कृष्ट कार्य कर रहा है।

## IT LAB

महाविद्यालय में विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गत वर्ष IT LAB की शुरूआत की गई। लैब में इंटरनेट की सुविधा से युक्त 12 कम्प्यूटर है। कंप्यूटर लैब शिक्षा प्रणाली में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। ये प्रौद्योगिकी तक पहुँच, व्यावहारिक सीखने के अवसर, व्यक्तिगत सीखने के अनुभव और सहयोग प्रदान करते है और छात्रों को भविष्य के लिए तैयार करते हैं। महाविद्यालय के विद्यार्थी डिजिटल युग में आगे बढ़ते हुए आवश्यक कौशल सीखते है। इस लैब से विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षक भी लाभान्वित हो रहे है।

## कॉलेज वेबसाइट

राजकीय महाविद्यालय सराहां की अपनी कॉलेज वेबसाइट www.gcsarahan.edu.in है। यह वेबसाइट विद्यार्थियों के लिए अति उपयोगी सिद्ध हो रही है। महाविद्यालय के विद्यार्थियों से संबंधित सभी सूचना तथा प्रशासनिक जानकारियाँ इस वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## महाविद्यालय में सम्पन्न कुछ अन्य गतिविधियों का विवरण इस प्रकार हैं :-

• 5 जुलाई 2025 को बी.ए./बी. कॉम प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए महाविद्यालय में ओरिएंटेशन/ इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गुलशन कुमार धीमान ने की।

• 17 जुलाई 2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा "एक पेड़ माँ के नाम 2.0" पौधारोपण अभियान के तहत महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया।

• 14 जुलाई 2025 को महिला प्रकोष्ठ द्वारा "जागरूकता कार्यक्रम "के अंतर्गत महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए "हेल्थ एंड हाइजीन' विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

• 26 जुलाई 2025 को कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

• 4 अगस्त 2025 को महाविद्यालय में करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के द्वारा एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री संजय राजन ने विद्यार्थियों को रोजगार से संबंधित व्याख्यान दिया।

• 6 अगस्त 2025 को करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल, रोवर रेंजर्स और NSS इकाई एवं यूनाइटेड वेटरन्स एसोसिएशन पच्छाद के संयुक्त तत्वाधान में पौधारोपण, मेडिकल कैम्प और रोजगार मेले का आयोजन किया गया।

• 8 अगस्त 2025 को साइबर जागरूकता सेल और NSS इकाई द्वारा 'साइबर जागरूकता कार्यक्रम' का आयोजन किया गया।

• 12 अगस्त 2025 को रेड रिबन क्लब एवं NSS इकाई के संयुक्त तत्वाधान में इंटेसिफाइड IEC अभियान के तहत एचआईवी एड्स जागरूकता संबंधी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में व्याख्यान के साथ विद्यार्थियों को हिमाचल प्रदेश को एचआईवी एड्स से मुक्त करने के लिए शपथ दिलाई गई।

• 13 अगस्त 2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों एवं रोवर एवं रेंजर्स यूनिट के संयुक्त तत्वाधान में 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत महाविद्यालय से सराहाँ बस स्टैंड तक रैली निकाली गई।

• 15 अगस्त 2025 को महाविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया।

• 27 अगस्त 2025 को 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत महाविद्यालय परिसर में सफाई अभियान चलाया गया।

• 29 अगस्त 2025 को संगीत विभाग द्वारा विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से गायन तथा नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

• 30 अगस्त 2025 को महाविद्यालय में हिमाचल विश्वविद्यालय की ओर से गठित टीम ने स्थायी संबद्धता को लेकर निरीक्षण किया। इस टीम में प्रो. सुरेंद्र सिंह नारटा और प्रो० मोहन झारटा ने स्थायी संबद्धता के संबंध में कॉलेज में उपलब्ध सभी सुविधाओं का मूल्यांकन किया।

• 12-13 सितंबर 2025 को हिंदी विभाग द्वारा हिंदी पखवाड़ा धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर निबंध लेखन, पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन, भाषण प्रतियोगिता, कविता पाठ एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

• 15 सितंबर 2025 को महाविद्यालय में अभिभावक- शिक्षक संघ (पीटीए) की आमसभा का आयोजन प्राचार्य डॉ. गुलशन कुमार धीमान की अध्यक्षता में हुआ। इसमें पुरानी कार्यकारिणी को भंग करके सत्र 2025-26 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।

• 16 सितंबर 2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना, इको क्लब, रोवर एवं रेंजर यूनिट के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय के परिसर व आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान नशा मुक्ति अभियान हेतु रैली भी निकाली गई।

• 20 सितंबर 2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना, एंटी ड्रग सेल एवं सांस्कृतिक समिति के संयुक्त तत्वाधान में विद्यार्थियों के लिए नशा निवारण विषय पर पोस्टर मेकिंग एवं नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

• 23 सितंबर 2025 को कैरियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विशेष रूप से IT के कोर्सेज एवं रोजगार अवसरों पर जानकारी देने के लिए NIELIT केंद्र सराहाँ से श्री खेमराज ने विद्यार्थियों को NIELIT के अंतर्गत करवाए जाने वाले कम्प्यूटर के विभिन्न कोर्सों के विषय में जानकारी दी व उनसे संबंधित सरकार द्वारा दिए जाने वाली छात्रवृत्तियों के विषय में भी अवगत करवाया।

• 24 सितंबर 2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्वयंसेवियों ने राष्ट्रीय सेवा योजना गीत प्रस्तुत कर इसके महत्व एवं सामाजिक उपयोगिता से सभी को परिचित करवाया। इस दौरान " नशा निषेध" विषय के अंतर्गत प्रश्नोत्तरी व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।

•27 सितंबर 2025 को सांस्कृतिक समिति द्वारा रंगोली, पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग, कोलाज मेकिंग, फोटोग्राफी, क्लै मॉडलिंग और कार्टूनिंग जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

•27 सितंबर 2025 को 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत NSS इकाई के स्वयंसेवियों द्वारा महाविद्यालय के हॉल और कक्षा के कमरों की सफाई की।

• 29-30 सितंबर 2025 को रेड रिबन क्लब द्वारा इंटेसिफाइड IEC कैंपेन के तहत विद्यार्थियों को HIV/ADS के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसी दौरान एक जागरुकता रैली भी निकाली गई, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

•1 अक्टूबर 2025 को साइबर जागरुकता सेल और NSS इकाई द्वारा 'साइबर जागरुकता' कार्यक्रम का आयोजन किया।

• 1 अक्टूबर 2025 को इको क्लब द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस की थीम "प्लास्टिक प्रदूषण को हराओ" पर पोस्टर मेकिंग एवं नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को पर्यावरण प्रदूषण के प्रति जागरूक करना था।

• 2 अक्टूबर 2025 को NSS इकाई द्वारा दशहरा, महात्मा गाँधी जयंती और लाल बहादुर शास्त्री जयंती मनाया गया।

• 8 अक्टूबर 2025 को महाविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए महाविद्यालय केंद्रीय छात्र परिषद संघ का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान सभी मनोनीत सदस्यों को शपथ दिलाई गई।

• 9 अक्टूबर 2025 को NCC का प्रथम प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत हुई जिसमें NCC कैडेट्स को परेड एवं ड्रिल संबंधी प्रशिक्षण दिया। इस दौरान एक व्याख्यान का आयोजन भी किया गया।

• 13 अक्तूबर 2025 को आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ द्वारा महाविद्यालय के विभिन्न इकाइयों के साथ मिलकर "अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस" का आयोजन किया जिसके अंतर्गत पोस्टर मेकिंग और नारा लेखन प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई। इस विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन भी किया गया।

• 13 अक्टूबर से 15 अक्तूबर 2025 तक हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित युवा महोत्सव ग्रुप वन की विभिन्न प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने डॉ० राजन कौशल के कुशल नेतृत्व एवं निर्देशन में भाग

लिया।

• 17 अक्टूबर 2025 को NSS इकाई और CSCA के संयुक्त तत्वाधान में " YEH DIWALI MY BHART WALI" सफाई अभियान, रंगोली और मेंहदी प्रतियोगिता आयोजित की गई।

• 28 अक्टूबर 2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा "सरदार @ 150" कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान NSS अधिकारी प्रो० दिनेश कुमार ने स्वयंसेवियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई तथा सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन तथा उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

• 29 अक्टूबर 2025 को रोड़ सेफ्टी क्लब द्वारा "सड़क सुरक्षा" कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन श्री नरेश कुमार (ए एस आई) ने विद्यार्थियों को विभिन्न सड़क सुरक्षा उपायों, यातायात नियमों के बारे में तथा युवाओं में बढ़ती नशे की लत तथा इसके हानिकारक परिणामों पर विस्तार से जानकारी दी।

• 30 अक्टूबर 2025 को Electoral Literary Club द्वारा विद्यार्थियों के लिए मतदाता साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

• 30 अक्टूबर 2025 को इको क्लब द्वारा पर्यावरणीय और स्वच्छता अभियान के तहत विद्यार्थियों एवं समाज को स्वच्छता, आपदा और पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से रैली का आयोजन किया गया।

• 30 अक्टूबर 2025 को महिला प्रकोष्ठ एवं आंतरिक समिति के संयुक्त तत्वाधान में 'महिला सुरक्षा एवं कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (POSH ACT 2013)' विषय पर एक जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में कानूनी अधिकारों, सुरक्षा उपायों एवं शिकायत प्रक्रिया के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

• 7 नवंबर 2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य राष्ट्रगान की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि तथा देशभक्ति की भावना को पुन: जागृत करना था।

• 30 अक्टूबर 2025 को महाविद्यालय में वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

• 10 नवंबर 2025 को महाविद्यालय में 'डिजीटल बस पास' पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मुख्य वक्ता HRTC सिरमौर के क्षेत्रीय मैनेजर श्री राम दयाल ने विद्यार्थियों को संबोधित किया।

• 14 नवंबर 2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गोद लिए जोहाना घाट के हनुमान मंदिर परिसर में एक दिवसीय शिविर लगाया। इस शिविर के दौरान मंदिर परिसर में लगाए गए पौधों की गुड़ाई- निराई तथा सिंचाई की गई।

• 18 नवंबर 2025 को एंटी-ड्रग सेल द्वारा एक नशा विरोधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ० राजन कौशल ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के महत्व के बारे में जानकारी दी।

• 20 नवंबर 2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना तथा नेहरू युवा केंद्र नाहन के संयुक्त तत्वाधान में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती तथा 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन सराहाँ में किया गया।

• 22 नवंबर 2025 को महाविद्यालय के राष्ट्रीय कैडेट कोर (NCC) द्वारा प्रथम NCC दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय कैडेट कोर द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

• 26 नवंबर 2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना, राजनीति शास्त्र विभाग तथा महाविद्यालय के केन्द्रीय छात्र परिषद के संयुक्त तत्वाधान में संविधान दिवस के उपलक्ष्य पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान अंतर विभागीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन अंग्रेजी विभाग, राजनीति शास्त्र विभाग तथा इतिहास विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

• 1 दिसंबर 2025 को 'विश्व एड्स दिवस' के अवसर पर रेड रिबन क्लब द्वारा एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई जिसके अंतर्गत पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन, भाषण प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं कल्चरल फैशन शो आदि शामिल थे।

• 3 दिसंबर 2025 को महाविद्यालय में साइबर जागरूकता सेल और NSS यूनिट ने एक साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को आज की डिजिटल दुनिया में साइबर सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूक करना था।

• 4 दिसंबर 2025 को महाविद्यालय के विभिन्न इकाइयों और CSCA के संयुक्त तत्वाधान में तंबाकू निषेध पर पोस्टर मेकिंग और नारा लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

• 4 दिसंबर 2025 को कैरियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा 'करियर काउंसलिंग' पर एक कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें मुख्य वक्ता श्री R. K. जैन रहे।

• 6 दिसंबर 2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सत्र 2025-26 के सप्त दिवसीय विशिष्ट शिविर का शुभारंभ किया गया।

• 12 दिसंबर 2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सप्त दिवसीय विशिष्ट शिविर का समापन उत्साहपूर्वक किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सेवानिवृत पूर्व प्राचार्य श्री हेमंत कुमार ने मुख्य अतिथि शिरकत की। शिविर के दौरान विभिन्न रिसोर्स पर्सनों ने स्वयंसेवियों को व्यक्तित्व विकास के साथ विभिन्न विषयों से अवगत करवाया। इस अवसर पर स्वयंसेवियों ने विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

• 24 दिसंबर 2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के अधीन एक दिवसीय सफाई अभियान आयोजित किया गया।

• 26 दिसंबर 2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सौजन्य से राष्ट्रीय स्तर पर मनाए जा रहे बालवीर दिवस का ऑनलाइन प्रसारण देखा गया।

• 26 दिसंबर से 29 दिसंबर 2025 तक महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रो. जगमोहन सिंह और प्रो. प्रियंका सराओ के कुशल निर्देशन में अमृतसर और वागा बॉर्डर शैक्षिक भ्रमण किया।

• 21 फरवरी 2026 को महाविद्यालय में कॉलेज स्टूडेंट्स सेंट्रल एसोसिएशन (CSCA) द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी।

• 24 फरवरी 2026 को महाविद्यालय में कैरम और शतरंज खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कैरम में दुष्यंत ने प्रथम स्थान तथा शतरंज में हेमंत ने प्रथम स्थान हासिल किया।

• 26 फरवरी 2026 को रोड सेफ्टी क्लब के तत्वाधान में विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय परिसर से नया बस स्टैंड सराहाँ तक सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली गयी।

• 28 फरवरी 2026 को महाविद्यालय में वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 100 मीटर रेस, 200 मीटर रेस, हाई जंप, लाँग जंप, डिस्कस थ्रो तथा शॉटपुट आदि खेल शामिल थे।

• 5 मार्च 2026 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा "स्वच्छता ही सेवा" अभियान के तहत एक दिवसीय सफाई अभियान आयोजित किया गया।

• 6 मार्च 2026 को रोड सेफ्टी क्लब द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग एवं नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

• 9 मार्च 2026 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा "अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस" के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

• सत्र 2025-26 में महाविद्यालय में "इग्नाइटिंग द यंग माईंडस" पहल के तहत महाविद्यालय के सभी विभागों द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए "इन्टर डिपार्टमेंटल" व्याख्यान का आयोजन किया गया।

• इस वर्ष भी महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए देश विदेश की जानकारी एवं नवीनतम ज्ञान की वृद्धि के लिए महाविद्यालय में डॉ. राजन कौशल के निर्देशन में न्यूज बुलेटिन की शुरूआत की गई।

## शिक्षक - वर्ग की शैक्षिक उपलब्धियाँ

विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण के साथ शिक्षकों का व्यक्तित्व विकास भी आवश्यक है। अतः हमारे शिक्षक भी प्रतिवर्ष व्यक्तिगत उपलब्धियों द्वारा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देते हैं। इस सत्र में उनकी उपलब्धियाँ इस प्रकार है :-

### डॉ. राजन कौशल, सहायक आचार्य (अंग्रेजी विभाग)

• Presented a paper on the topic "Imparting Human Values in Educational Institutions: Methods and Techniques" in the National Seminar on Human Values for Academic and Human Excellence organized by Dwarka Das Memorial Sai College of Education, Kallar (Jalari) Nadaun Hamirpur, Himachal Pradesh on 4th and 5th October, 2025.

• Presented a paper on the topic "Lessons and Insights on Values in Indian Mythology" in the International Conference on Revisiting Roots, Reimagining Futures: Multidisciplinary Perspectives on Indian Knowledge System (Hybrid mode) on 10th and 11th November, 2025 organized by RGM GC Joginder Nagar .

• Presented a paper on the topic "World Literature as a Paradigm of Global Citizenship" in the International Conference on Transformative Education for Tomorrow: Bridging Civic Sense, Knowledge, Cultures and Wisdom (Hybrid mode) organized by Pandit Sant Ram Govt. Degree College, Baijnath Kangra, H.P. on 30th and 31st October, 2025.

• Presented a paper on the topic "The Theme of Environmental Concern in Himalayan Fiction" the International Conference on Himalayan Environmental Issues and Disaster

Risk: Multidisciplinary Perspectives(Online) on 23rd February, 2026 organized by Dr. Y.S. Parmar Govt. Degree College Nahan.

### प्रो. दिनेश कुमार, सहायक आचार्य (राजनीतिक विज्ञान विभाग)

• Attended the three days training programme on "Sevottam for cutting Edge Level Staff' w.e.f. 26th June 2025 to 28th June 2025 at Dr. Manmohan Singh H.P. Institute of Public Administration Government of Himachal Pradesh Fairlawn, Shimla.

• Attended two days International Conference on "Transformative Education for Tomorrow: Bridging Civic Sense, Knowledge, Cultures and Wisdom" organized by Pandit Sant Ram Govt. Degree College Baijnath, Kangra HP on 30th and 31st October, 2025 and presented a paper on "Comparative Analysis of Rights and Duties in India- Pre and Post Colonial Era."

• Attended one day International Conference on "Indian Knowledge system and sustainable development model for Viksit Bharat:" Uniqueness, Challenges and Opportunities" organized by Baba Kanshi Ram Govt. Degree College Dadasiba, Kangra HP on 1st November, 2025 and presented a paper on "Comparative to competitive Federalism: Changing Dynamics under the NITI Aayog framework in India."

• Attended three day International Conference on "Sustainability, Digital Transformation, Democracy & Human Well-being- Multi disciplinary pathway to a Resilient Future" organized by GC Nerwa, GDC Chopal of Dist, Shimla and GDC Sangrah of Dist. Sirmaur HP from 16th November, 2025 to 18th November, 2025 and presented a paper on "Gurukul to Global Classroom: Traditional Indian Education and Modern learning Systems.

• Published a chapter in ISBN Listed Book, Women, Culture and Power on "The Impact of Cultural Representation on Women's Political Participation in District Sirmaur, Himachal Pradesh.

• Delivered a lecture on "Indian Model of Federalism with an emphasis on centre state relations and Executive: Meaning, Function, Types and constitutional Amendment 73rd and 74th on 7th August 2024 and 11th November 2025 at SCERT Solan during in service training programee for Lecturers/PGT's in political science.

### डॉ. मोल्लम डोलमा, सहायक आचार्य (हिंदी विभाग)

• राजकीय महाविद्यालय ददाहू एवं केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 17-18 अक्टूबर 2025 को आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया और "हिमाचल के लोकगीतों में सांस्कृतिक अध्ययन" विषय पर शोध आलेख प्रस्तुत किया।

• शिवाजी विश्वविद्यालय कोल्हापुर एवं ग्लोबल फाउंडेशन इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 30 अक्टूबर 2025 को एकदिवसीय मल्टीडिसिप्लिनरी अंतरराष्ट्रीय ई-कॉन्फ्रेंस में भाग लिया और "भक्ति काल के साहित्य में सांस्कृतिक

प्रतिबिंब " विषय पर शोध आलेख प्रस्तुत किया। पियर रिव्यूड अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिका में इसी विषय पर शोध आलेख प्रकाशित भी हुआ।

• मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर (MMTTC) एवं कोलकाता विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित 04-17 नवंबर 2025 तक दो सप्ताह के 'हिन्दी एंड कल्चरल हेरीटेज' विषय पर रिफ्रेशर कोर्स को सफलतापूर्वक पूर्ण किया।

• राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवाँ काँगडा एवं केप कोमोरिन ट्रस्ट इण्डिया के संयुक्त तत्वाधान में 'Academic Research and AI Research' विषय पर दिनांक 24-30 नवंबर 2025 तक आयोजित सात दिवसीय अंतरराष्ट्रीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम सफलतापूर्वक पूरा किया।

• दिनाँक 22 नवम्बर 2025 को राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर, मण्डी में एक दिवसीय मल्टी डिसिप्लिनरी नेशनल सेमिनार में भाग लिया तथा "प्रवासी हिन्दी साहित्य और वैश्विक पहचान" विषय पर शोध पत्र का वाचन किया।

• हिंदी विभाग, विज्ञान एवं मानविकी संकाय, एस आर एम आई एस टी, तथा आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ, के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 03 दिसंबर से 10 दिसंबर 2025 तक आयोजित सात दिवसीय हिंदी अंतरराष्ट्रीय ऑनलाइन फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम सफलतापूर्वक पूरा किया।

## प्रो. सुदेश कुमार, सहायक आचार्य (वाणिज्य विभाग)

• Participated in the one week online National Level Faculty Development programme on "Mastering the fundamentals of Power BI for Data Visualization." organised by Faculty of Commerce and Management, Gokul University, Siddhpur, Gujarat from 07 to 12 April, 2025.

• Participated in online National Level faculty Development Programme on Shiva katha for Educators : Indian knowledge System (IKS) perspectives on Management and Academic Leadership." organised by Sevak Ram Sahu College, Atal Bihari Vajpayee University from 19 to 24 January 2026.

## डॉ. प्रियंका सराओ , सहायक आचार्य (वाणिज्य विभाग)

• Presented a paper titled "Relationship Between Diversity Characteristics and the Perception of Inclusion in FMCG Sector" at 3rd International Conference on Recent Advances and Innovations in Science, Engineering, Technology and Management organised by Solamalai College of Engineering, Madurai, Tamil Nadu, from 25th to 26th April 2025.

• Published a paper titled "Diversity at Work: Inclusion Perceptions among Varied Groups in Northern India" (2025) in International Journal of Research and Analytical Reviews, 12(2), 293-304. E-ISSN 2348-1269.

• Completed Ph.D (Commerce) on the topic "Impact of Diversity Management and Inclusion on Job Performance: A Study of Selected FMCG Companies in India" on 19th Feb 2026.

## आभार

अंत में, मैं मुख्य अतिथि आदरणीय डॉ. वीना राठौर का आभार व्यक्त करता हूँ, जिन्होंने अपने व्यस्त कार्यक्रम में से हमारे लिए समय निकाला एवं हमारा मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्धन किया है। यहाँ उपस्थित समस्त गणमान्य अतिथियों के प्रति भी आभार व्यक्त करता हूँ, जिन्होंने इस उत्सव में शामिल होकर हमारी खुशियों में अभिवृद्धि की है। सराहाँ के स्थानीय प्रशासन पुलिस विभाग, लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, सिंचाई एवं जनस्वास्थ्य विभाग तथा मीडिया का आभार व्यक्त करता हूँ कि समय-समय पर हमें इनसे अपेक्षित सहयोग मिलता रहा। मैं शिक्षक -अभिभावक संघ के पदाधिकारियों तथा इस अवसर पर आए सभी अतिथियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ, जिन्होने अपना बहुमूल्य समय निकालकर इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और आज के इस समारोह को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। अंत में, मैं उन सभी विद्यार्थियों को बधाई देता हूँ जिन्होंने शिक्षा तथा अन्य क्षेत्रों में अपनी योग्यता का प्रदर्शन कर महाविद्यालय का नाम, गुरूओं तथा माता-पिता का नाम रोशन किया है। जिन्हें इस वर्ष पुरस्कार नहीं मिला, वे उन सफल विद्यार्थियों से प्रेरणा लेकर नए सत्र में परिश्रम द्वारा योग्यता और सफलता प्राप्त करें। इसके साथ ही मैं सभी विद्यार्थियों के सुखद, सफल तथा उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना करता हूँ।

धन्यवाद।

**जय हिंद, जय हिमाचल।**

# राजकीय महाविद्यालय सराहाँ

## जिला सिरमौर (हि.प्र.)

Print at : Solan Print Era 9805125374